दिन– शुक्रवार दिनांक– 31 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से अब तक बत्तीस लोगों की मृत्यु। औरंगाबाद में कल एक दिन में बारह लोंगों की हुयी मौत।
02. मौसम विभाग ने आज भी राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर भीषण लू की चेतावनी जारी की। कुछ स्थानों पर देर रात हुयी बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत।
03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों और अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान।
04. और, पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हत्या के मामले में एसआईटी ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार। सात संदिग्ध हिरासत में।

---

प्रंदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से अब तक बत्तीस लोगों की मौत हुयी है। वहीं, सैंकड़ों लोग लू की चपेट में आने से विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत हैं। औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में भीषण गर्मी और लू से कल बारह लोगों की मौत हो गयी। वहीं, पैंतीस मरीज सदर अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ आशुतोष कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती पांच मरीजों की इलाज के दौरान मौत हुयी, जबकि सात मरीज अस्पताल लाने से पहले ही दम तोड़ चुके थे।

–––बाईट–––

इधर, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सदर अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों का हाल–चाल जाना और अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। स्थानीय सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस आपदा पर अपनी संवेदना व्यक्त की है।

–––बाईट–––

भोजपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में लू के कारण छह लोगों की मौत हुयी है। आरा सदर अस्पताल प्रबंधक शशि कुमार सिंह के अनुसार देर रात सभी मृतकों का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सभी की मौत का प्रारंभिक कारण लू लगना बताया गया है। मृतकों में अधिकतर चुनाव कर्मी शामिल हैं। इधर, रोहतास से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में लू की चपेट में आने से अब तक

चार लोगों की मौत हुयी है, जबकि दो सौ से अधिक लोगों का विभिन्न सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ, बक्सर और नालंदा में चुनाव कार्य के लिए आए दो चुनाव कर्मियों की भी लू लगने से मौत हो गई। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इटाढ़ी में मतदान कार्य के लिए योगदान करने आये एक शिक्षक नरेन्द्र सिंह की लू लगने से मृत्यु हो गई। वहीं नालंदा में लू लगने से होमगार्ड के एक जवान की मौत हो गई।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना, रोहतास, वैशाली, भोजपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल और मुंगेर समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। हालांकि मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि हवा की दिशा में बदलाव होने से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। औरंगाबाद का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव एक, डिहरी का छियालीस, गया का पैंतालीस दशमलव दो, अरवल का चौवालीस दशमलव आठ और पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले कल केरल में दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञान विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मॉनसून पूर्वोत्तर में भी पहुंच गया है। विभाग के अनुसार मॉनसून के आगे बढ़ने की अनुकूल स्थितियां बनी हुयी हैं। बिहार में दस से पंद्रह जून के बीच मॉनसून पहुंचने की संभावना है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

---

सातवें चरण के लोकसभा चुनाव में एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या पचासी लाख एक हजार छह सौ बीस और महिला मतदाताओं की संख्या सतहत्तर लाख दो हजार पांच सौ उनसठ है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या चार सौ पंद्रह है। वहीं, दो लाख तेईस हजार आठ सौ तिरेसठ मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

---

सातवें चरण के चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि सभी सोलह हजार चार सौ चौंतीस मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा घुड़सवार दस्ते और नदियों में नाव से भी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पटना में एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सात हजार आठ सौ अठ्हत्तर बूथों से पूरे मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक सौ छियालीस बूथ ऐसे हैं, जिसका संचालन महिलाओं द्वारा और छप्पन बूथों का संचालन दिव्यांग कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस चरण में एक सौ सत्तर मॉडल बूथ बनाए गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक दवा भी उपलब्ध रहेगी।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए आठ सीटों पर बारह महिलाओं समेत कुल एक सौ बाईस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नालंदा सीट पर सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पंद्रह, आरा और बक्सर से चौदह–चौदह,

काराकाट से तेरह और सासाराम से दस उम्मीदवारों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। बहुजन समाज पार्टी से सबसे अधिक आठ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भाजपा के पांच, लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास के तीन और जदयू के दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राजद के तीन, कांग्रेस के दो और भाकपा माले के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

सातवें और अंतिम चरण में जिन आठ सीटों पर मतदान होना है, उनमें से पांच पर भाजपा और तीन पर जदयू का कब्जा है। पटना साहिब, पाटलिपुत्र, बक्सर, सासाराम और आरा सीट पर भाजपा के सांसद हैं, जबकि काराकाट, नालंदा और जहानाबाद जदयू के पास है। इस बार के लोकसभा चुनाव में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा और सासाराम सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है, जबकि बक्सर सीट पर चतुष्कोणीय और काराकाट तथा जहानाबाद सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। नालंदा से जदयू के कौशलेन्द्र कुमार लगातार चौथी बार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान में हैं। उन्हें भाकपा माले के संदीप सौरभ चुनौती दे रहे हैं। पटना साहिब सीट पर भाजपा के रविशंकर प्रसाद चुनाव मैदान में हैं। उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा जाने के लिए कांग्रेस के अंशुल अविजीत से कड़ी टक्कर मिल रही है। पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा के रामकृपाल यादव जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एड़ी—चोटी का जोर लगा रहे हैं। वहीं, इस सीट पर राजद की मीसा भारती लगातार तीसरी बार चुनावी समर में उतरी हैं। आरा सीट पर भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद आर. के. सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वे भी तीसरी बार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जी—जान से जुटे हैं। उनके सामने इंडी गठबंधन ने भाकपा माले ने सुदामा प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। श्री प्रसाद अभी तरारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। बक्सर में चतुष्कोणीय मुकाबले के आसार हैं। यहां से भाजपा के मिथिलेश तिवारी, राजद के सुधाकर सिंह और निर्दलीय ददन पासवान तथा आनंद मिश्र के बीच मुकाबला माना जा रहा है। सासाराम सीट की बात करें तो यहां भाजपा के शिवेश राम और कांग्रेस के मनोज कुमार के बीच सीधी टक्कर है। काराकाट में एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा, विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले के राजाराम सिंह और निर्दलीय पवन सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। जहानाबाद सीट पर भी त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। यहां जदयू से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, राजद से सुरेन्द्र प्रसाद यादव और बहुजन समाज पार्टी के अरूण कुमार के बीच टक्कर मानी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से खालिद रशीद।

---

अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। उपचुनाव में कुल नौ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए से जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद और भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। गौरतलब है कि अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गयी थी। इसके बाद इस क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के दिन कल संबंधित संसदीय क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में एसआईटी ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही सात संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमन कुमार को पटना के सुलतानगंज से गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी प्रकृति आनंद की गिरफ्तारी बेगूसराय से हुयी है। इसके अलावा एसआईटी ने सुपौल, मधेपुरा और नालंदा से सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सिटी एसपी, पूर्वी भरत सोनी ने बताया कि तीन और आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं, तीन से चार अन्य संदिग्धों की भी पहचान की गयी है।

———————————————————

मधुबनी नगर थाना क्षेत्र के कंटाही चौक के पास अपराधियों ने एक निजी कम्पनी के कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में लू से हुयी मौत और कल होने वाले मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** लिखता है– प्रदेश में भीषण आपदा बनी लू, पैंसठ की मौत, दो सौ पचास से अधिक हुए बीमार।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– हीट वेव से पीठासीन पदाधिकारी सहित चौदह चुनाव कर्मियों की मौत।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– देर रात पलटा मौसम, पटना समेत दक्षिण–मध्य जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– दो माह से जारी प्रचार का शोर थमा। बिहार की आठ सीटों पर वोटिंग कल।

**आज** अखबार की सुर्खी है– एक सौ चौंतीस प्रत्याशियों के पक्ष में एक करोड़ बासठ लाख वोटर करेंगे मतदान।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– जम्मू में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, इक्कीस मरे।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से अब तक बत्तीस लोगों की मृत्यु। औरंगाबाद में कल एक दिन में बारह लोंगों की हुयी मौत।

02. मौसम विभाग ने आज भी राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर भीषण लू की चेतावनी जारी की। कुछ स्थानों पर देर रात हुयी बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत।

03. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों और अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान।

04. और, पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हत्या के मामले में एसआईटी ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार। सात संदिग्ध हिरासत में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।